# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,नागौर

## पीठासीन अधिकारी–पीयुष समारिया, आई.ए.एस.

**प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या–188/2022**
**जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर– 2022/...222**

**प्रार्थी** — **बनाम** — **अप्रार्थीगण**

''आवास फाईनेन्सियर्स लिमिटेड'' (जो पूर्व में ''ए.यू.हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड'' के नाम से जाना जाता था) जिसका मुख्य व्यावसायिक कार्यालय–201–2012, द्वितीय तल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रीयल एरिया, जयपुर 203020 राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी अभिषेक सिंह।

**बनाम**

**अप्रार्थीगण**

1. भैरूसिंह पुत्र मदन सिंह, पता–41, दर्जियों का मौहल्ला, वार्ड नम्बर 11, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर 341509 राजस्थान। **द्वितीय पता**–भैरूसिंह, सम्पति अवस्थित, पट्टा नम्बर 978/2012–13, चारभुजा जी मन्दिर के पास, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर राजस्थान।
2. श्रीमति विमला कंवर पत्नि भैरूसिंह, पता–161, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर 341509 राजस्थान।
3. लक्ष्मण सिंह पुत्र भैरूसिंह, पता–41, दर्जियों का मौहल्ला, वार्ड नम्बर 11, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर 341509 राजस्थान।
4. श्रीमति सरोज कंवर पत्नी भंवर सिंह, पता–117, दर्जियों का मौहल्ला, वार्ड नम्बर 11, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर 341509 राजस्थान।

**आदेश** — **दिनांक:** 20-06-2022

प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पेश हुआ। जो दर्ज रजिस्टर हो।

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों में यह कथन किया है कि प्रार्थी बैक ने अप्रार्थी/ऋणी को रूपये **5,00,000/–(पांच लाख रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 31.07.2017 एवं 2,50,000/–(दो लाख पचास हजार रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 27.02.2019** को, इस प्रकार कुल **7,50,000/–(सात लाख पचास हजार रूपये मात्र) का** ऋण उपलब्ध करवाया गया। अप्रार्थीगण/ऋणी द्वारा उक्त प्राप्त ऋण की सुविधा के एवज में **सम्पति – भैरूसिंह, सम्पति अवस्थित, पट्टा नम्बर 978/2012–13, चारभुजा जी मन्दिर के पास, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर राजस्थान। जिसका क्षेत्रफल 1008 वर्गफीट तथा पडौस निम्न है– उत्तर में–रास्ता, दक्षिण में–आम रास्ता, पूर्व में–जमन सिंह का मकान एवं पश्चिम में–रघुवीर सिंह का मकान,** जो प्रार्थी बैक के पास ऋण अदायगी हेतु ऋणी एंव जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

अप्रार्थीगण / ऋणी ने उपलब्ध ऋण का बैक के नियमानुसार भुगतान नही चुकाया। जिसकी वजह से उक्त खाते को **दिनांक 10.04.2022 को एन.पी.ए.** घोषित कर दिया गया व अप्रार्थी / ऋणी के ऋण खाते में **रूपये 7,27,364 / –(अक्षरे सात लाख सताईस हजार तीन सौ चौसठ रूपये मात्र) दिनांक 11.04.2022 तक एवं आगे का ब्याज व खर्चे सहित राशि का भुगतान** बकाया निकलते हैं।

उक्त ऋण खाते में ऋणी द्वारा नियमानुसार भुगतान नहीं करने पर एन.पी.ए. घोषित होने के बाद एक्ट की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक ने ऋणी / अप्रार्थी को दिनांक **12.04.2022** को रजिस्टर्ड नोटिस दिये तथा दो समाचार पत्रों में उक्त नोटिस का प्रकाशन करवाया गया, परन्तु अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि जमा नहीं करवायी गई व न बंधक शुदा सम्पति सम्पूर्ण कब्जा प्रार्थी बैक को दिया गया। ऋणी को उपरोक्त नोटिस के अनुसार 60 दिन के अन्दर–अन्दर ऋण राशि **रूपये 7,27,364 / –(अक्षरे सात लाख सताईस हजार तीन सौ चौसठ रूपये मात्र) दिनांक 11.04.2022 तक एवं आगे का ब्याज व खर्चे सहित राशि का भुगतान** को जमा कराना था परन्तु ऋणी / अप्रार्थीगण ने उपरोक्त नोटिस के अनुसार ऋण राशि जमा नहीं करवाई, के कारण एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है।

एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक को बंधक सम्पति का ऋणी एवं जमानतियों से कब्जा लेने में सहायता आवश्यकता है, के कारण प्रार्थी बैक ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष बैक सिक्योरिटीज एवं सिक्योरिटीज से संबंधित डोक्यूमेन्ट का ऋणी / जमानती से कब्जा लेकर प्रार्थी बैक को कब्जा दिलवाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

बैक सिक्योरिटीज सम्पति का विवरण :– **भैरूसिंह, सम्पति अवस्थित, पट्टा नम्बर 978 / 2012–13, चारभुजा जी मन्दिर के पास, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर राजस्थान। जिसका क्षेत्रफल 1008 वर्गफीट तथा पडौस निम्न है– उत्तर में– रास्ता, दक्षिण में–आम रास्ता, पूर्व में–जमन सिंह का मकान एवं पश्चिम में–रघुवीर सिंह का मकान,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, का कब्जा लेना है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा संबंधित डौक्यूमेन्टस का कब्जा एक्ट की धारा 14 के अनुसार ऋणी / अप्रार्थीगण से प्रार्थी बैक को कब्जा दिलाने का आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि ऋणी / अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैक से **5,00,000 / –(पांच लाख रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 31.07.2017** एवं **2,50,000 / –(दो लाख पचास हजार रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 27.02.2019** को, इस प्रकार कुल **7,50,000 / –(सात लाख पचास हजार रूपये मात्र) की ऋण सुविधा** प्राप्त की थी। उक्त ऋण के बदले में इकरारनामा व उससे संबंधित दस्तावेज तैयार कर अपने हस्ताक्षर से प्रार्थी बैक के पक्ष में निष्पादित किये थे। प्रार्थी बैक द्वारा नियमानुसार ऋण वसूली के लिये आडिनेन्स की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करना पाया जाता है।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में उपरोक्तानुसार रहन की गयी सम्पत्ति को प्रार्थी के कब्जे में दिलाये



न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

जाने का स्पष्ट प्रावधान है। जो इस प्रकार है:-- प्रतिभूति आस्थी का कब्जा लेने में प्रतिभूति लेनदार की सहायता करने के लिये मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जहां किसी प्रतिभूति आस्तियों का कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिये जाने की आवश्यकता हो, या यदि किन्ही प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय या अन्तरण प्रतिभूत लेनदार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किये जाने की आवश्यकता हो, तो प्रतिभूत लेनदार किसी प्रतिभूत आस्ति के कब्जे या नियंत्रण को लेने के प्रयोजन के लिये, लिखित में मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट को उनकी अधिकारिता के भीतर अनुरोध करेगा, ऐसी कोई प्रतिभूत आस्ति या उससे संबंधित अन्य दस्तावेज स्थित हो सकेगा या पाया जा सकेगा,उसका कब्जा लेने के लिये अनुरोध करेगा,और मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जो स्थित हो, उसको किये गये उस अनुरोध पर –(क)उस आस्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का कब्जा लेगा, और (ख) प्रतिभूत लेनदार को उन आस्तियों और दस्तावेजों को भेजेगा।

धारा 14 (2) उप धारा (1) के प्रावधानों के साथ अनुपालना को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये, मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट उन कदमो को लेगा या लिवा सकेगा या ऐसा बल प्रयुक्त कर सकेगा जो उसकी राय मे आवश्यक हो सकेगा।

उपरोक्त प्रावधानो को दृष्टीगत रखते हुए इस संबंध मे पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने हेतु आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते हैं । अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पुलिस अधीक्षक नागौर को निर्देश दिये जाते है कि अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक के पक्ष मे बतौर प्रतिभूति अपने स्वामित्व मे **सम्पति– भैरूसिंह, सम्पति अवस्थित, पट्टा नम्बर 978/2012–13, चारभुजा जी मन्दिर के पास, नांवा शहर, तहसील नांवा, जिला नागौर राजस्थान। जिसका क्षेत्रफल 1008 वर्गफीट तथा पडौस निम्न है– उत्तर में– रास्ता, दक्षिण में–आम रास्ता, पूर्व में–जमन सिंह का मकान एवं पश्चिम में–रघुवीर सिंह का मकान,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, को प्रार्थी बैक के हक मे बंधक किया था तथा बंधक विलेख निष्पादित किया था, के संबंध मे संबधित थानाधिकारी, पुलिस थाना को निर्देशित करे कि वे उक्त संपति का कब्जा व उससे संबंधित अन्य कोई दस्तावेज अप्रार्थी के कब्जे मे हो तो उन दस्तावेजो को प्रार्थी को संभलाने हेतु मौके पर जाकर विधि सम्मत कार्यवाही करें।

आदेश सुनाया गया।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर एंव मजिस्ट्रेट
**जिला मजिस्ट्रेट**
**नागौर**